**स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय ) के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त प्राप्त समिति (SHPSC) की पंचम बैठक दिनांक 26.06. 2018 (दिन–मंगलवार) का कार्यवृत्तः–**

सर्वप्रथम प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा बैठक में सम्मिलित हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के परिणामों को मा0 मुख्य सचिव महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात् बैठक के एजेण्डा बिन्दु के संबंध में अवगत कराया गया। राज्य स्तरीय उच्चाधिकार समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 18 जनवरी 2018 में लिये गये निर्णय एजेण्डा के पृष्ठ संख्या–9 से 10 पर स्थित है। समिति द्वारा गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति का संज्ञान लिया गया।

**(बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न)**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या–01**

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत कलेक्शन एण्ड ट्रान्सपोर्टेशन हेतु उपकरण एवं वाहन हेतु अनुमानित आंकलन रू0 134.10 करोड़ की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन। इलाहाबाद, नगर निगम (कुंभ मेला तथा नगर निगम क्षेत्र) एवं 16 नगर निकायों की कार्य योजना।

समिति द्वारा एजेण्डा के पृष्ठ संख्या –24 से 30 पर प्रस्तुत विवरण के आलोक में प्रस्तुत कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु तैयार की जा रही डी0पी0आर0 की वेटिंग भारत सरकार के मानको के अनुरुप किया जाना सुनिश्चित हो, इस पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत इलाहाबाद नगर (कुम्भ मेला के साथ) सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट की डी0पी0आर0 जो कि नगर निगम इलाहाबाद द्वारा तैयार की गयी थी तथा इसके अतिरिक्त सी एण्ड डी0एस0 उ0 प्र0 जल निगम द्वारा नगर पालिका परिषद Muradnagar, Modinagar, Khurja, Bulandshahr, Sikandrabad, Jhangirabad, Siaina, Gulaothi तथा नगर पंचायत Niwari, Patla, Fareed Nagar, Dasna, Kithaur, Kharkhoda, Bugrasi तथा Babugarh की डी0पी0आर0 संलग्न चार्ट के अनुसार प्रस्तुत की गयी हैं, जिसमें प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0 प्र0 शासन द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत डी0पी0आर0 तैयार करने तथा अप्रेजल हेतु दरों/संस्थाओं का निर्धारण आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जो डी0पी0आर0 कन्सल्टैन्ट, सी0एण्ड डी0एस0 उ0 प्र0 जल निगम तथा नगरीय निकाय द्वारा तैयार की जा रही हैं उन डी0पी0आर0 का अप्रेजल भारत सरकार की गाईडलाइन्स के अनुसार आरसीयूईएस, लखनऊ द्वारा किया जा रहा है तथा जो डी0पी0आर0 आरसीयूईएस, लखनऊ द्वारा बनायी जा रही है उनका अप्रेजल आई0आई0टी0 कानपुर, वाराणसी, दिल्ली, रुड़की तथा एमएनआईटी से कराये जाने का निर्णय नगर विकास विभाग द्वारा लिया गया है, जिसके क्रम में इलाहाबाद नगर की तथा अन्य 16 नगरों की डी0पी0आर0 का अप्रेजल आरसीयूईएस, लखनऊ द्वारा किया गया है। अप्रेजल के अनुसार डी0पी0आर0 में प्रस्तावित केन्द्रांश, राज्यांश तथा नगरीय निकायों का अंश निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | नगरीय निकाय का नाम | परियोजना लागत (रू0 करोड़ में) | केन्द्रांश (रू0 करोड़ में) | राज्यांश (रू0 करोड़ में) | निकाय अंश (रू0 करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Allahabad Nagar Nigam (Including Kumbh Mela SWM) | 65.63 | 22.97 | 26.25 | 16.41 |

| क्र.सं. | नगरीय निकाय का नाम | परियोजना लागत (रू0 करोड़ में) | केन्द्रांश (रू0 करोड़ में) | राज्यांश (रू0 करोड़ में) | निकाय अंश (रू0 करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **District Bulandshahr** | | | | | |
| 2. | Nagar Palika Parishad Khurja | 6.1 | 2.14 | 3.05 | 0.91 |
| 3. | Nagar Palika Parishad Bulandshahr | 11.61 | 4.06 | 5.81 | 1.74 |
| 4. | Nagar Palika Parishad Sikandrabad | 4.25 | 1.49 | 2.13 | 0.63 |
| 5. | Nagar Palika Parishad Jhangirabad | 4.29 | 1.50 | 2.15 | 0.64 |
| 6. | Nagar Palika Parishad Siaina | 3.69 | 1.29 | 1.85 | 0.55 |
| 7. | Nagar Palika Parishad Gulaothi | 3.62 | 1.27 | 1.81 | 0.54 |
| **District Ghaziabad** | | | | | |
| 8. | Nagar Palika Parishad Muradnagar | 8.12 | 2.84 | 4.06 | 1.22 |
| 9. | Nagar Palika Parishad Modinagar | 8.33 | 2.92 | 4.17 | 1.24 |
| 10. | Nagar Panchayat Niwari | 0.88 | 0.31 | 0.48 | 0.09 |
| 11. | Nagar Panchayat Patla | 0.88 | 0.31 | 0.48 | 0.09 |
| 12. | Nagar Panchayat Fareed Nagar | 1.09 | 0.38 | 0.60 | 0.11 |
| 13. | Nagar Panchayat Dasna | 2.73 | 0.96 | 1.50 | 0.27 |
| 14. | Nagar Panchayat Bugrasi | 1.03 | 0.36 | 0.57 | 0.10 |
| **Meerut** | | | | | |
| 15. | Nagar Panchayat Kithaur | 1.53 | 0.54 | 0.84 | 0.15 |
| 16. | Nagar Panchayat Kharkhoda | 0.99 | 0.35 | 0.54 | 0.1 |
| **Hapur** | | | | | |
| 17. | Nagar Panchayat Babugarh | 0.62 | 0.22 | 0.34 | 0.06 |
| | **Total Rs.** | **125.39** | **43.91** | **56.63** | **24.85** |

उपरोक्त परियोजना के रख–रखाव में होने वाला समस्त व्यय नगरीय निकाय द्वारा वहन किया जायेगा। नगर निगम इलाहाबाद की परियोजना में प्रथम 06 माह के ओ0 एण्ड एम0 लागत का व्यय रूपये 8.71 करोड़ है, जो कि पूर्णतया नगर निगम इलाहाबाद द्वारा वहन किया जायेगा।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आरसीयूईएस, लखनऊ द्वारा अवशेष नगरीय निकायों की डी0पी0आर0 बनाये जाने का कार्य इन्टर्नशिप के छात्रों को नियुक्त करके प्रारम्भ कराया जा रहा है, जिस पर मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन द्वारा यह निर्देश दिये गये थे कि बचे हुए सभी नगरों की डी0पी0आर0 यथाशीघ्र पूर्ण करायी जाये।

बैठक में प्रमुख सचिव, नगर विकास, उ0 प्र0 शासन द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सेप्टिक टैंक को नियमित खाली कराये जाने की व्यवस्था तथा इस कार्य को manually होने से रोकने हेतु सभी नगरीय निकायों में आवश्यकतानुसार Suction Machine क्रय कराये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कराये जा रहे हैं तथा इसकी कार्ययोजना आगामी बैठक में प्रस्तुत की जायेगी जिससे कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के नगरीय निकायों की रैंकिंग को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

**एजेण्डा बिन्दु संख्या–02**

नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, आई.ई.सी. कार्य तथा व्यवहार परिवर्तन प्रबन्धन के लिए चयनित सिविल सोसाईटी संगठनों का भुगतान आईईसी मद से प्राविधानित है। शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार उक्त संगठनों सी0एस0ओ0, मदर सी0एस0ओ0 एवं स्टेट सपोर्ट यूनिट को आईईसी मद से भुगतान किये जाने हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। समिति द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

समिति द्वारा आईईसी कार्यो हेतु चयनित पैरानिन एजेन्सी द्वारा बनाई गई आईईसी संबंधी सामग्रियों का Appraisal/विशेषज्ञों की राय भी ली जाए।

समिति द्वारा एजेण्डा के पृष्ठ–31 से 46 पर प्रस्तुत विवरण के आलोक में प्रस्तुत कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया।

उपरोक्तानुसार हुये विचार विमर्श तथा संस्तुति /निर्णय के पश्चात बैठक सधन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

**मनोज कुमार सिंह**
**प्रमुख सचिव**

**उत्तर प्रदेश शासन**
**नगर विकास अनुभाग–5**
संख्या ।।2.89 / नौ–5–2018–355सा / 2018
लखनऊ दिनांक 03 जुलाई 2018

प्रतिलिपि– समस्त संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Manoj 3.7.18
(मनोज कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव